wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631 | 9309255545 | 6351541818

वर्ष-1 अंक-64 सागवाड़ा, गुरुवार, 28 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# 4 दोस्त में से 3 नदी में नहाने उतरे, 12वीं के 3 छात्रों की डूबने से मौत

## बाहर खड़े 1 छात्र ने चिल्लाकर लोगों को बुलाया

**सागवाड़ा।** राजकीय पुनर्वास कालोनी स्कूल में 12वीं साइंस में पढ़ रहे 3 दोस्तों की नदी में डूंबने से मौत हो गई। एक ही स्कूल में पढ़ने वाले चार दोस्त सुबह अपने घरों से स्कूल जाने के लिए निकले और रास्ते में मोरन नदी में नहाने उतर गए। पानी की गहराई में चले जाने से 12वी साइंस के 3 तीन दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक दोस्त नदी के बाहर खड़ा था, जिसने दोस्तो को डूबते देख लोगों को आवाज लगाकर बुलाया, लेकिन तब तक तीनो डूब चुके थे। इसके बाद तीनों के शव बाहर निकालकर सागवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाये गए।

दरअसल ओबरी थाना क्षेत्र के गामड़ा ब्रह्माणिया निवासी उत्सव (18) पुत्र मोहनलाल जोशी, कृश (17) पुत्र राजेश कलाल, दक्ष (17) पुत्र जितेंद्र जोशी और पुनर्वास कॉलोनी निवासी राहिल (17) पुत्र यशवंत सुथार चारो दोस्त है और सागवाडा पुनर्वास कॉलोनी स्कूल में पढ़ते है। सुबह ने सभी बच्चे स्कूल जाने के लिए निकल गए, लेकिन रास्ते में चारो दोस्त स्कूल नहीं जाकर मोरन नदी पर नहाने के लिए रुक गए। इस दौरान उत्सव जोशी, कृश कलाल व राहिल सुथार नदी में नहाने उतर गए। तीनों 12वी साइंस के छात्र है। जबकि






11वी कक्षा का छात्र दक्ष जोशी नदी के बाहर ही खड़ा रहा।

नदी में नहाने उतरे उत्सव, कृश व राहिल पानी की गहराई के चले जाने से डूबने लगे ओर बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे, जिस पर बाहर खड़ा दोस्त दक्ष भी चिल्लाने लगा और लोगो को आवाज लगाई। आसपास से लोग दौड़कर आते तब तक तीनो दोस्त डूब गए थे। इसके बाद गांव के कुछ युवा नदी में उतर गए और डूबे छात्रों को बाहर निकालने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद तीनों छात्रों के शव को बाहर निकाल दिया गया। सूचना पर ओबरी थानाधिकारी अनिल देवल मोके पर पहुंचे ओर घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को सागवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया, जंहा पुलिस पोस्टमार्टम को लेकर कार्रवाई कर रही है।

मृतक छात्र उत्सव, राहिल और कृश तीनो 12वी साइंस के छात्र थे और गहरे दोस्त होने से हमेशा साथ रहते थे। आज सुबह तीनों एक साथ स्कूल जाने हसते हुए घर से निकले थे। बच्चे स्कूल छोड़कर नदी चले गए, जिसका पता भी नहीं चला। बेटों की लाश को देखकर परिवार के लोगो का बुरा हाल है तो वही गांव के तीन लाल की मौत को देखकर गांव में भी गमगीन माहौल है।

### दो छात्रों के पिता कुवैत, एक के दुकानदार

मृतक उत्सव जोशी के पिता मोहनलाल जोशी कुवैत में रोजघररत है, जबकि साहिल के पिता यशवंत सुथार भी कुवैत में ही है। वहीं कृश के पिता राजेश कलाल दुकानदार है। बेटों की मौत की खबर कुवैत में उनके पिता को फोन पर परिवार के लोगो ने दी तो एक बार उनके भी होश उड़ गए। अब बेटों की मौत की खबर सुनकर पिता कुवैत से घर लौटने का प्रयास कर रहे है लेकिन टिकीट मिलने के बाद ही उनके आने की स्थिति साफ होगी।

# रक्तदान जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा पर निकले कविया डूंगरपुर पहुंचे

**डूंगरपुर।** रक्तदान जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा पर निकले केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह कविया आज अपनी टीम के साथ डूंगरपुर पहुंचे। डूंगरपुर कलेक्ट्रेट पहुँचने पर बल्ड बैंक के पीआरओ और युवाओं ने उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह कविया व उनकी टीम का स्वागत किया। वही इसके बाद देवेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने कलेक्ट्रेट में कलेक्टर सुरेश कुमार ओला से मुलाक़ात की और यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की 25 अक्टूबर को उन्होंने गुजरात के केवड़िया वडोदरा से अपनी रक्तदान जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा शुरू की थी इसके बाद अहमदाबाद, हिम्मतनगर होते हुए आज ये यात्रा डूंगरपुर पहुंची है। उन्होंने बताया की यात्रा का समापन 30 अक्टूबर को सैनिक स्कूल चित्तोड़गढ़ में होगा। उन्होंने बताया की उनकी यात्रा का उद्देश्य आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है क्योकि रक्तदान से आप किसी को नया जीवन दे सकते है। ऐसे में उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह कविया ने आमजन से रक्तदान का आव्हान किया है।

# कोरोना काल व कोरोना वेक्सिनेशन में बेहतरीन कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि व कार्मिकों का सम्मान

**डूंगरपुर।** कलेक्टर सुरेश कुमार ओला व स्वास्थ्य विभाग की पहल पर कोरोना काल व कोरोना वेक्सिनेशन में बेहतरीन कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि व कार्मिको का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शहर के विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य विभाग व हम फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला रहे। कार्यक्रम में कोरोना वेक्सिनेशन में अग्रणी रहने वाली 30 पंचायतो के सरपंचो को सम्मानित किया गया वही कोरोना काल में बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियो व कार्मिको का भी सम्मान किया गया।

वही इस मौके पर पीएम आवास योजना के सफल क्रियान्वयन में देश भर में दूसरे स्थान पर रहने पर जिला परिषद सीईओ अंजली राजोरिया का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने कार्यक्रम को संबोधित किया अपने संबोधन में कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों व कार्मिको को बधाई दी और आगे भी इसी तरह अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने का आव्हान किया।

# भामाशाह ने किया विद्यालयों में निशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण

**सरोदा।** ब्लॉक सागवाड़ा के कराडा पीईईओ अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कराडा, गुरुकुल उच्च प्राथमिक विद्यालय, विजडम उच्च प्राथमिक विद्यालय ,प्राथमिक विद्यालय पीलुडाफला, प्राथमिक विद्यालय डोडियार फला में अध्यनरत समस्त 800 छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को दिवंगत पंचाल रमण लाल कराड़ा की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा शिक्षण सामग्री तथा पेन रजिस्टर, डायरी एवं बिस्किट पैकेट का वितरण किया।प्रधानाचार्य दीपक सुथार ने बताया कि पंचाल रमणलाल की स्मृति में उनके परिवार जन भगवान पंचाल, नारायण पंचाल, मोहन पंचाल,मयूर पंचाल,जयेश पंचाल के द्वारा उक्त शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया ।

इस अवसर पर गटूलाल पाटीदार, कांतिलाल बलाई, डायालाल कोठारी, पंकज पंड्या ,मनोज पाटीदार, नितिन द्विवेदी, हिना पाठक ,जयंत पाठक, प्रवीण रावल ,धनपाल मीणा ,तुलसी पाटीदार सहित समस्त शिक्षक साथी उपस्थित थे। संचालन एवं आभार तुलसीराम ठाकुर ने किया।

# 500 वर्ग मीटर में निर्माण स्वीकृति जारी करने के निर्देश

## जयपुर से आए पर्यवेक्षकों ने शिविर का लिया जायजा



**सागवाड़ा।** राज्य सरकार के महत्वपूर्ण अभियान प्रशासन शहरों के संग अभियान तहत गुरुवार को वार्ड 18 में शिविर हुआ। जिसमें वार्डवासियों ने शिविर संबंधित जानकारी ली और विभिन कार्यो के लिए आवेदन जमा कराये। शिविर में जयपुर से आये शिविर के पर्यवेक्षक यूडीएच के जोनल सेकेट्री मनीश गोयल ने शिविर का निरीक्षण किया और शिविर में हो रहे कार्यो की जानकारी ली। शिविर में दिए जा रहे पट्टो की जानकारी लेकर आवेदनकर्ता को तत्काल कार्य कर लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किये।

उनके साथ पर्यवेक्षक आर पी शर्मा, रिटायर्ड अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक एस के श्रीमाली और उप नगर नियोजक यूआईटी उदयपुर मौजूद रहे। अधिकारियों ने शहर के मास्टरप्लान के बारे में जानकारी लेते हुए पट्टे जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने बताया कि यदि आवासीय स्वीकृति लेकर कमर्शियल निर्माण किया जाता है तो संबंधित से राशि वसूल की जाए। पर्यवेक्षक यूडीएच के जोनल सेकेट्री मनीश गोयल ने बताया कि 500 वर्ग मीटर में निर्माण स्वीकृति देने में देरी नहीं होनी चाहिए। शहरवासियों से नियमानुसार फीस लेकर पट्टा जारी कर दिया जाए।

ऐसे निर्माण में स्वीकृतियों में देरी नहीं होनी चाहिए। ऐसे आवेदनों को जल्द से जल्द निबटाने के निर्देश दिए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल, जेईएन लोकेश पाटीदार, शिविर प्रभारी मामन वर्गीस, रोशन व्यास, पंकज शर्मा मौजूद रहे।

# 1 करोड़ 38 लाख कैश के साथ एक पान मसाला व्यापारी सहित 3 लोगो को हिरासत में लिया

## जिला स्पेशल पुलिस टीम की कार्रवाई, हवाला के जरिये बड़ी राशि भेजने की मिली थी सूचना

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 करोड़ 38 लाख कैश के साथ एक पान मसाला व्यापारी सहित 3 लोगों को हिरासत में लिया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि शहर में हवाला के जरिये बड़ी राशि भेजी का रही है। इस पर डीएसटी के हेड नवीन कुमार की टीम शहर के शहीद स्मारक पार्क पंहुची, जहां एक कार में 3 लोग बैठे हुए थे। पुलिस को देखते ही कार में बैठे लोग घबरा गए। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो जवाब नहीं दे सके, लेकिन कार की तलाशी ली तो उसमें दो बैग में बड़ी मात्रा में कैश भरा हुआ था, जिसके बारे में कोई जवाब नही था। इस पर डीएसटी ने कार व केश के साथ तीनो आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने पंहुचे, जहां केश कक गिनती की गई। जिसमे 200-500-2000 कि नोटों में कुल 1 करोड़ 37 लाख 99 हजार 500 रुपये जब्त किये गए है। पुलिस ने तीनों लोगो को हिरासत में ले लिया है। ऐसे में पुलिस इतनी बड़ी राशि को कंहा से कंहा भेजा जा रहा था इस बारे में जांच कर रही है।

# पुरानी आबादी क्षेत्र में घर के साथ मिलेगा अब दुकान का भी पट्टा

**सागवाड़ा।**. नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि पुरानी आबादी क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार ने पट्टा बनाने में शिथिलता दी है। इसे लकर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने पालिकाकर्मियो की बैठट लेकर शहरवासियों को राहत देने का काम शुरू कर दिया है। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि शहर के पुरानी आबादी क्षेत्र के लोगों को उनके णर के साथ मकान का भी पट्ट दिया जाएगा।



पुराना आबादी क्षेत्र 69ए के तहत दुकान और घर का पट्टा दिये जाने का सरकार कु ओर से प्रावधान किया गया है।

# परतापुर चाकूबाजी में घायल गौरव की मौत

**परतापुर।** कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के पहले हरे झंडे लगाने के विवाद पर दो पक्षों में हुई चाकूबाजी में घायल युवक की उदयपुर में गुरुवार को मौत हो गई।

# रणोली में बैक टू स्कूल कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला हुई

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालवी,रणोली में बैक टू स्कूल कार्यक्रम NAS की सफलता के लिये RSCERT एवं CBEO सागवाड़ा के आदेशानुसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान रमेश चन्द्र पण्डया ने बताया कि 12 नवम्बर को होने वाली आयोजित कक्षा 3, 5 ,8 एवं 10 में अध्ययनरत छात्रों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य को लेकर आयोजित होने वाली प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि पीईईओ प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार जैनथे।

विशिष्ट अतिथि प्रथम सहायक प्रवीण कुमार जैन थे। अध्यक्षता प्र




अ.धनपाल जैन नोगामा ने की ऐप्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार जैन ने शैक्षिक स्थिति में हुए सुधार एवं बदलाव की जानकारियां देते हुए इस कार्यशाला के उद्देश्यों एवं मापदंडो के बारे में अवगत करते हुए व्यापक चर्चा की गई । इस अवसर लौहारिया, नोगामा, मोवाई, खगदेर, धावड़ा घाटी, मां बाडी पदमपुरा, भील तलाई कानेला के शिक्षक कार्मिकजन उपस्थित थे। संचालन कामिनी चौबीसा ने किया। आभार रविशंकर पाटीदार ने व्यक्त किया।

# कांग्रेस सरकार की वायदा खिलाफी पर भाजपा का हल्ला बोल

## कांग्रेस सरकार जनविरोधी नीतियों व बिगडती कानून व्यवस्था के विरोध में भाजपा ने उपखंड स्तर पर धरना व प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर।** जिले में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज राज्य सरकार की वायदा खिलाफी, जनविरोधी नीतियों व बिगडती कानून व्यवस्था के विरोध में उपखंड स्तर पर धरना व प्रदर्शन किया गया। इसी के तहत डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर भी भाजपा नगर मंडल, ग्रामीण मंडल, देवल मंडल, देवसोमनाथ मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभू पंड्या के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया गया। सागवाड़ा में उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर के बाहर हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत धरना प्रदर्शन एवं उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में राज्य सरकार पर जमकर भड़ास निकाली




और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच में लाने का प्रयास किया। कटारा ने कहा कि कांग्रेस राज में किसानों को खाद नही मिल रहा है, पेट्रोल डीजल पर सरकार ने अतिरिक्त 4% वेट लगा रखा है। महिला असुरक्षित है और सरकारी भर्तियों में धड़ल्ले से धांधली हो रही है। बिजली के बिलों में भारी बढ़ोतरी हो रही है और बिजली में भारी कटौती हो रही है। प्रशासन गांवों और शहरों के संगघअभियान सिर्फ नाम मात्र और दिखावे के कार्यक्रम बनकर रह गए।

# त्यौहारी सीजन, शराबियों और बाइकर्स पर हो सख्ती

## शहर में सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने ली बैठक

**सागवाड़ा।** त्योहारी सीजन में शहर में सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने एसडीएम राजीव द्विवेदी, थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह, पार्षद और ट्रैफिक इंस्पेक्टर की मौजूदगी में बैठक ली। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने कहा कि दिपावली आने वाली है। इसके साथ ही शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क पर उत्पात मचाने वाले शराबियों और तेज रफ्तार से बाइक चलाने वाले बाइकर्स के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाए।

इसके लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है। त्योहारों के साथ साथ शादियों का भी सीजन आने वाला है। ऐसे में शहर में आसपास के गांवों के लोग खरीदारी के लिए आ रहे है। बाहर से शहर में आने वाले लोगों को कोई तकलीफ नहीं हो साथ ही शहर में ट्रैफिक और कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए गश्ती बढानी होगी।

# बास्केट बॉल एवं लोन टेनिस प्रतियोगिता समापन

**सागवाड़ा।** रामावि नं 6 तलैया सागवाड़ा में 65 वीं जिलास्तरीय बास्केट बॉल एवं लोन टेनिस प्रतियोगिता समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद कनकमल कटारा थे।

अध्यक्षता जिला प्रमुख सूर्या अहारी ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदीप गामोठ, नयन कटारा, राजू भाई शेख ,शिक्षाविद देवीलाल पाटीदार, प्रधानाचार्य महिपाल वेलचंद पाटीदार रहे। संस्था प्रधान विनोद पाटीदार द्वारा अथितियों का स्वागत किया। विभागीय पर्यवेक्षक दिलीप पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत




उद्बबोधन द्वारा किया गया। मुख्य निर्णायक बापूलाल माली ने बताया की 19 वर्षीय छात्र में विजेता रा उ.मा. वि.भीलूड़ा और उपविजेता रा. उ.मा. वि.जेठाना रहे।भीलूड़ा के रौनक पाटीदार सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रहे । 19 वर्षीय छात्रा विजेता रा उ.मा. जेठाना और उपविजेता रा. उ.मा. वि.भीलूड़ा रहे। जेठाना की मीनाक्षी डेन्डोर सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रही। 17 वर्षीय छात्र वर्ग में विजेता रा. उ. मा. वि.भीलूड़ा और उपविजेता रा. उ.मा. वि. पुनर्वास सागवाड़ा रहा।भीलूड़ा के हिमांशु पाटीदार सर्वश्रेष्ठ रहे।17 वर्षीय छात्रा वर्ग में विजेता रा. मा.वि.नं. 6 तलैया ,सागवाडा रहा। उपविजेता समर्थ शिक्षा निकेतन जेठाना रहा। तलैया की दीपिका ताबियाड सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रही । आज के भोजन के भामाशाह डायालाल जी राव जेठाना रहे।समापन समारोह में प्रतियोगी खिलाड़ियो को पारितोषिक लोकेश पाठक केयर ऑफ़ सुभाष आयरन एंड बिल्डिंग मटेरियल सागवाडा की तरफ से दिया गया।

# क्रिकेट में पुनर्वास कालोनी ने बनकोड़ा को हराया

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर लक्ष्मण मैदान में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 65 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुनर्वास कॉलोनी राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल ने बनकोडा राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल को हराकर ख़िताब पर कब्ज़ा किया। वही इसके बाद समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह रहे। समारोह में अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम व खिलाडियों को ट्रोफी देकर पुरुस्कृत किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह ने समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह ने कहा की जीवन में शिक्षा के साथ खेलो का बड़ा महत्व है वही खेल में हार जीत लगी रहती है।

ऐसे में उन्होंने प्रतियोगिता में हारे खिलाडियों से निराश न होकर आगे के लिए और मेहनत करने का आव्हान किया।

# अस्पताल में सफाई को लेकर पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने जताई नाराजगी

## राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक, अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर विधायक ने भी जताई नाराजगी

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा अस्पताल में विधायक रामप्रसाद डेंडोर और नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक हुई। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी की राशि से जनता को फायदा मिलना चाहिए। खोडनिया ने कहा कि साफ सफाई को लेकर शिकायतें आ रही है। ठेकेदार काम नही कर रहे है तो बदल दो, ब्लेक लिस्ट करो। अस्पताल में सुबह शाम सफाई होनी चाहिए। विधायक डेंडोर ने कहा कि पीएमओ का प्रशासनिक कंट्रोल नही है। डाक्टरों को लेकर शिकायतें आ रही है। डाक्टर समय पर चेंबर में बैठे। शिकायत आने पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए।

